तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 जून 2024

11 मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

12 आईटीआई में रोजगार मेले में किया गया 60 का चयन


## खबर संक्षेप

### मेडिकल स्टोर संचालक से सोने की चेन छीनी

**सोनीपत।** गांव जठेड़ी निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह बीसवां मील चौक पर सरकारी स्कूल के पास 35 साल से मेडिकल स्टोर चलाते हैं। सोमवार रात करीब दस बजे स्टोर बंद कर अपनी कार लेने मंदिर के सामने पार्किंग में पहुंचे थे। जब वह कार में सवार हुए तो तीन युवक उनकी कार में घुस गए। तीनों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। बदमाशों ने उनकी गर्दन और पेट पर पिस्तौल नुमा हथियार अड़ा दिया। एक युवक ने उनके गले से छह तोले की सोने की चेन झपट ली। विरोध के बाद दो बदमाश पैदल व एक बाइक पर सवार होकर भाग गया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ दिल्ली से खरखौदा की तरफ आ रहा है। पुलिस ने आईएमटी के पास दिल्ली मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी करके आने जाने वाले लोगों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर के बाद सैदपुर की तरफ से एक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहा था, लेकिन पुलिस को देखकर वह वापस मुड़ने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर पूछताछ की और मोटरसाइकिल के कागज मांगे तो युवक कागज नहीं दिखा पाया। युवक ने बताया कि उसने यह मोटरसाइकिल बुराड़ी के सरकारी स्कूल के पास से चोरी की थी। युवक ने अपनी पहचान नाथूपुर बुराड़ी दिल्ली निवासी हिमांशु के रूप मे दी।

### करंट लगने से चालक की मौत, मामला दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र रेत स्टॉक पर 15 दिन पहले करंट से चालक की मौत के मामले में अब मुकदमा दर्ज किया गया है। जींद के गांव नंदगढ़ निवासी कुलदीप ने बताया कि 9 जून को उन्हें सूचना मिली थी कि उनके ससुर जींद के गांव इटल खुर्द निवासी उदयवीर की रेत के स्टॉक में गाड़ी चलाते समय करंट से मौत हो गई है। अब उन्होंने रेत स्टॉक पर जाकर देखा तो पाया कि वहां स्टॉक के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की बिजली की लाइन गई हुई है। जिसकी ऊंचाई कम थी। आरोप है कि गाड़ी मालिक व मैनेजर की लापरवाही की वजह से उनके ससुर की करंट से मौत हुई है।

### सुविधाओं और कोच के अभाव में दम तोड़ रहीं, व्यापक सुधार की जरूरत

# जिले में 84 व्यायामशालाएं, सभी योग शिक्षकों के सहारे

- कहीं टूटे फर्श बन रहे मुसीबत तो कहीं जुआरियों और नशेड़ियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सूबे के मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 100 और व्यायामशालाएं खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। जरूरी है आज के समय में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और खिलाड़ियों की नई पौध लगाना। लेकिन सिर्फ कागजी व्यायामशालाओं के सहारे आम जनता कैसे सजग हो पाएगी। जिले में अभी मौजूदा समय में भी कुल 84 जगहों पर व्यायामशालाएं चल रही हैं। जिसमें से अधिकतर केवल योग शिक्षकों के सहारे ही गुजारा कर रही है। अधिकतर व्यायामशालाओं में सुविधाओं का टोटा है। सिर्फ नाम की व्यायामशालाएं बना दी गई हैं। जिनमें से कई जगहों पर तो जुआरी और नशेड़ियों का कब्जा रहता है। कुछेक चुनिंदा ऐसी व्यायामशालाएं हैं, जहां पर अकेला योग शिक्षक ही लोगों को स्वस्थ रखने की पहल छेड़े हुए हैं। लेकिन ये संख्या ना के बराबर ही है। जिला आयुर्वेद अधिकारी के अधीन काम कर रही इन व्यायामशालाओं को व्यापक स्तर पर सुधार की जरूरत है। जिसमें सबसे पहली जरूरत कोच की है। क्योंकि खेलों की जिस पौध को तैयार करने की कोशिश इन व्यायामशालाओं में होनी चाहिये, वो कोशिश बिना किसी गुरु के संभव नहीं हैं। इसके बाद जरूरत पड़ती है सुविधाओं की, जिसमें पीने का पानी सबसे अहम है। लगभग सभी व्यायामशालाओं में पीने के पानी की अनदेखी की गई है। साफ-सफाई का अभाव और अन्य सुविधाओं का रख-रखाव नहीं हो पाना भी बड़ी समस्या बनी हुई है। जिले के आठों ब्लॉक में सबसे अधिक व्यायामशालाएं सोनीपत ब्लॉक में हैं। वहीं सबसे कम कथूरा और मुरथल में हैं।




**गन्नौर।** उदेशीपुर गांव की चौपाल में टूटा हुआ फर्श व शौचालयों में पड़ी गंदगी व अन्य कूड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

### बिना सुविधाओं के साधक परेशान

उदेशीपुर के योग शिक्षक धीरज व अगवानपुर के योग शिक्षक अनिल ने बताया कि वे सुविधाओं को लेकर सरपंच से लेकर बीडीपीओं व आयुष विभाग को अवगत करवा चुके है लेकिन कोई सुविधा नही मिल रही। योगशाला की जगह उदेशीपुर गांव में चौपाल में योग करवा रहे है। उसमें भी कोई सुविधा नही।

### देखरेख की जिम्मेदारी अन्य विभागों की

योगशाला की देखरेख की जिम्मेदारी पंचायत व जिला परिषद की है। जिला परिषद व पंचायत विभाग को सुविधाओं के लिए लिखा गया है। उन्होंने हाल ही में जिला अधिकारी का कार्यभार संभाला है। जहां सुविधाओं का अभाव है वहां योगशाला में सुविधा दिलाने का प्रयास करेंगे।

डा. बलविंद्र, जिला आयुष अधिकारी, सोनीपत।

### चौपाल में जिम्मेदारी निभा रहे योग शिक्षक

**गन्नौर।** उदेशीपुर गांव की व्यायामशाला में सुविधाएं नही होने के कारण गांव की चौपाल में योग शिक्षक योग कराने को मजबूर है। गांव की चौपाल में भी फर्श टूटने के साथ न तो स्वच्छ शौचालय, पीने का पानी व शौचालय पर पानी की टंकी, शैड तक नही है। ऐसे में शिक्षक कहा बैठकर योग करवांए और योग करने वाले किस तरह से योग कर पाए। ग्रामीणों ने योगशाला में मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या करवाने की मांग की ताकि योगशाला का फायदा ग्रामीणों को हो सकें। योग को लेकर ग्रामीणों का रुझान बढ़े लेकिन देखरेख के अभाव से यहां पर सुविधाएं असुविधाओं में बदली हुई है। बेशक योगशाला बनी हो, लेकिन इसको देखकर नहीं कहा जा सकता कि ये योगशाला है। यहां पर कोई योग कर सकता है।

प्रशासन को चाहिए कि इसको शुरूआत की तरह सुंदर योगशाला बनाए जाए ताकि इसका फायदा हो। वहीं अगवानपुर योगशाला में भी फर्श टूटा हुआ है। पीने का पानी, बिजली, शैड भी नही है। ऐसे में योग शिक्षक कहां पर बैठकर योग करवाएं।

**व्यायामशालओं की संख्या**

| ब्लॉक | व्यायामशालाएं |
|---|---|
| सोनीपत | 26 |
| गन्नौर | 16 |
| राई | 8 |
| गोहाना | 12 |
| मुरथल | 4 |
| खरखौदा | 7 |
| कथूरा | 4 |
| मुंडलाना | 7 |
| कुल | 84 |

# बदहाल पार्कों के लिए आयुक्त को लिखा पत्र

- पानी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सूख रही घास व पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के पार्कों की बदहाली को लेकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पार्कों में साफ सफाई, ओपन जिम की मरम्मत, शौचालयों की ठीक व्यवस्था ना होने तथा देखरेख के लिए माली ना होने के कारण पार्कों में नागरिकों ने जाना ही छोड़ दिया है। राजीव जैन ने लिखा है कि दो दर्जन से ज्यादा पार्कों का दौरा करने पर पाया कि पानी की उचित व्यवस्था ना होने के कारण घास सूख रही है, पेड़ पौधे खत्म हो रहे हैं, ओपन जिम टूट चुके हैं तो मरम्मत की तरफ ध्यान नही दिया जा रहा है, ज्यादातर पार्कों में गेटों की वयवस्था सही नहीं हैं और चौकीदार ना होने के कारण आवारा पशु पार्कों में घूमते रहते हैं। राजीव जैन ने लिखा है कि जिन पार्कों की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन देखरेख कर रही हैं उन पार्कों की हालत कमोबेश अच्छी है, बाकि पार्क जब से ठेकेदारों के हवाले किये हैं तब से पार्क खराब होते जा रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को हार्टिकल्चर विभाग द्वारा कई कई माह तक भुगतान ना करने के कारण रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी अपनी जेब से खर्चा करने से कतराते हैं। भाजपा नेता ने पत्र के साथ पार्कों की सूची भी संलग्न की है जिनमे जिस तरह की सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने लिखा है कि खिजर मकबरा पार्क में दीवार टूटी हुई है, पानी और शौचालय की वयवस्था नहीं है, स्वर्ण जयंती पार्क महलाना रोड पर शौचालय एवं माली की वयवस्था ठीक नहीं है, मोहल्ला कोट पार्क में



**सोनीपत।** लोगों के बीच पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन।

# रेगुलर करने की मांग, सीएम के नाम ज्ञापन

- हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने ज्ञापन में रखी समस्या, कैबिनेट बैठक से पहले पहुंचाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला सोनीपत में विभिन्न विभागों में कार्यरत हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन (हिपवा), हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ढांडा के आह्वान पर मंगलवार को यूनियन के जिला प्रधान अनिल कुमार की अगुवाई में मुख्यमंत्री नायब सिंह के नाम उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार से अपील करते हुए कहा कि वे इस ज्ञापन को 27 जून को होने वाली कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवायें। उपायुक्त ने उपस्थित हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल को आश्वस्त किया कि वे इस ज्ञापन को समय रहते मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवाएंगे।

इससे पहले हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने लघु सचिवालय में एकत्रित होकर आगामी रणनीति पर विचार किया और संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न विभागों में कार्यरत हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल जो संगठन से नहीं जुड़े हैं, उन्हें संगठन से जोड़ने बारे विचार विमर्श किया। यूनियन के जिला प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन अनुबंध के आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स का संगठन है जो हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमितिकरण बारे निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने ज्ञापन सौपते हुए सरकार से एक सूत्री मांग रखते हुए कहा कि सरकार विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगम, मिशन/केंद्रीय स्कीम, सांविधिक निकायों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत लगभग 5000 हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमित करने के लिए तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी करें। इसके साथ ही सरकार से यह भी मांग की है कि सरकार सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी लेकर आएं, उसे ओपन रखा जाए ताकि इस पॉलिसी में रेगुलर न होने वाले हारट्रोन कर्मचारी एक निश्चित अंतराल के बाद रेगुलर हो सके। इस मौके पर प्रदीप दहिया, अंकित कुमार, मंजीत दहिया, पवन कुमार, प्रवेश दहिया, कमल चौहान, साहिल सहित अनेक आईटी प्रोफेशनल्स मौजूद रहे।



**सोनीपत।** उपायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे एसोसिएशन के सदस्यगण।

# कारागार में बंदी ने आत्महत्या का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- दुष्कर्म के आरोप में बंद है गोहाना के गांव कबीरपुर का निवासी दीपक
- पुलिस ने बंदी की जेब से सुसाइड करने के लिए लिखा गया पत्र भी बरामद किय
- वार्डर ने आरोपी के पास से नुकीली लोहे की पत्ती बरामद की, केस दर्ज

सोनीपत-गोहाना रोड स्थित जिला कारागार में दुष्कर्म के आरोप में बंद बंदी ने नुकीली लोहे की पत्ती से अपनी गर्दन के पास वार कर आत्महत्या करने की कोशिश की। वार्डर ने उसे खुद की गर्दन पर वार करते देखा तो तुरंत पकड़ लिया। उसे नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिलवाया गया। पुलिस ने उसकी जेब से सुसाइड करने के लिए लिखा गया पत्र भी बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जेल उप अक्षीक्षक सचिन ने शहर थाना की कोर्ट कॉम्पलेक्स चौकी पुलिस को बताया कि मूलरूप से गोहाना के गांव फिलहाल कबीरपुर निवासी दीपक दुष्कर्म के आरोप में कारागार में बंद है। आरोपी के खिलाफ सदर थाना सोनीपत में 2 अप्रैल को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें आरोपी को 5 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) के आदेश पर जेल भेज दिया गया था। आरोपी दीपक ने सोमवार दोपहर बाद बैरक नंबर 3 (ए) में पत्ती नुमा नुकीली वस्तु से अपनी गर्दन पर वार कर आत्महत्या करने की कोशिश की। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात वार्डर सुभाष ने उसे पकड़ लिया और उससे पास से नुकीली वस्तु बरामद की। उसके पास से सुसाइड करने को लिखा गया पत्र भी बरामद किया गया है। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद वापस जेल भेज दिया गया। शहर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आत्महत्या की कोशिश व प्रिजनर एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी प्रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## ब्लॉक समिति खरखौदा की बैठक में पारित किए गए कई प्रस्ताव

**खरखौदा।** खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में मंगलवार को ब्लॉक समिति की एक बैठक हुई। जिसमें कई प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें फरमाना गांव में पीएचसी खोलने के लिए जो अड़चन आ रही हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। तय किया गया कि ब्लॉक समिति सदस्यों के निवास और उनके कार्यालय पर उनके नाम के साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। फरमाना, छिनौली सहित कई गांव ऐसे हैं जहां पर पेयजल की समस्या बनी हुई है, उसका समाधान किया जाएगा। कई गांवों से पार्क बनाने ,तालाबों की खुदाई करने, नालियां बनाने व गांव में सार्वजनिक स्थानों पर बेंच रखवाने के लिए भी मांग की गई। फरमाना गांव में पुलिस स्टेशन के लिए जो जगह मांगी गई है उसे देने पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समिति अध्यक्ष सत्येंद्र उर्फ सत्ते ने कहा कि जो भी मांगे बैठक में आई है। उन्हें जल्द ही दूर किया जाएगा। पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन एवं जिला परिषद चेयरपर्सन के पति राजवीर दहिया ने कहा कि कुछ मांगे ऐसी हैं जिन्हें वे जिला परिषद द्वारा पूरा करने में मदद करेंगे, ताकि गांवों में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य हो सकें। इस मौके पर कौशल्या, रीना, पायल, पूनम, अनीता, कविता, राजेश, अमित, नवीन, प्रदीप, चांद, अनुज व अन्य सदस्य मौजूद रहे।



**खरखौदा।** ब्लॉक समिति सदस्यों से चर्चा करते चेयरमैन सत्येंद्र।

### पानी निकासी का उचित प्रबंध नहीं, नपा प्रशासन से समाधान की मांग

# आरओबी के पास नाला ओवरफ्लो, लोग परेशान

- नालों की सफाई न करवाने पर लोगों ने नपा के प्रति जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बीएसटी रेलवे ओवरब्रिज के पास दूषित पानी की निकासी के लिए बना नाला स्थानीय लोगों की परेशानी को बढ़ा रहा है। नाला ओवरफ्लो होने के चलते दूषित पानी सड़क पर बह रहा है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई न करवाने के विरोध में रोष व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंदे पानी की निकासी के लिए सड़क के साथ नगरपालिका नाला बना रखा है। नालों पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से पक्के स्लैब डाल रखे हैं, जिस वजह से नाले के इस हिस्से को बिना सफाई किए ही छोड़ दिया जाता है। जिसके चलते नाले से पानी ओवरफ्लो होकर साथ लगती सड़क में भर जाता है। पानी निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। वह पिछले कई वर्षों से नगरपालिका, एसडीएम, सीएम विंडो पर शिकायत देकर नालों पर हुए अवैध निर्माण को तुड़वा कर नालों की सफाई करवाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि सड़क के साथ प्ले स्कूल भी है। नाला ओवरफ्लो होने से उन्हें भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह नगरपालिका में प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



**गन्नौर।** बीएसटी आरओबी के पास सड़क पर भरा दूषित पानी।

### शिकायत मिली तो करेंगे कार्रवाई

इस बारे में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि बीएसटी रेलवे ओवरब्रिज के पास दूषित पानी के जमाव की समस्या को लेकर उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। स्थानीय लोग उनके कार्यालय में नियमित रूप से लगने वाले समाधान शिविर में पहुंच कर शिकायत दे सकते हैं। शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्राध्यापकों को मिलेगी कर्मयोगी ट्रेनिंग

**गोहाना।** हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा सोनीपत जिले में स्थित सरकारी कॉलेजों के प्राध्यापकों को बीसवां मील स्थित डाइट में कर्मयोगी ट्रेनिंग दी जाएगी। तीन दिन की यह ट्रेनिंग 26 जून से 28 जून तक चलेगी। बरोदा गांव में स्थित गवर्नमेंट कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल पवन लठवाल के अनुसार ट्रेनिंग कम्पलीट करने के बाद प्रमाणपत्र दिया जाएगा जो भविष्य में पदोन्नति होने पर अनिवार्य होगा। इस ट्रेनिंग में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ अपने-अपने विषयों के व्याख्यान देंगे। इस प्रशिक्षण का मुख्य ध्येय यह है कि प्राध्यापक हर क्षेत्र में दक्षता हासिल कर सकें। इस कड़ी में पब्लिक डीलिंग को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी टिप्स दिए जाएंगे।

# प्राइमरी अध्यापकों ने सीएम के ओएसडी को सौंपा मांगपत्र



**सोनीपत।** प्राइमरी अध्यापक वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य प्रधान नरेंद्र दहिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा से मिला। इस दौरान सीएम ओएसडी को मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपा गया। जिसमें ऑनलाइन ट्रांसफर, प्रमोशन, 2017 बैच जेबीटी शिक्षकों की 39900 पर पे फिक्स, एचआरए 8% से 10% करने बारे, 2017 बैच जेबीटी शिक्षकों के नॉशनल बेनिफिट ,अनुभव के आधार पर लगे अध्यापकों को एचटैट की छूट देने आदि विषयों पर चर्चा की। ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा द्वारा जल्द ही सभी बातों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर मनजीत खत्री, सुशील कुमार, राकेश रंगा, कपिल देव, राकेश जांगड़ा, सुरेंद्र मौजूद रहे।



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

लाइफ Style



# जाह्नवी बुरी तरह हुई ट्रोल

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।


इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'

## हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।



# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

# करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।



# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

## खबर संक्षेप



### आरक्षण पर पिछड़ा वर्ग ने आभार जताया

**रोहतक।** हरियाणा में ओबीसी वर्ग के आरक्षण में क्रिमिलेयर को बढ़ाकर 8 लाख करने और इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किए जाने पर पिछड़ा वर्ग ने खुशी जताई है। समाज ने ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण अब केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर सभी पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत किए जाने पर विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गैंगवा और हरियाणा भाजपा पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष करण देव कंबोज का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मिट्टी कला बोर्ड हरियाणा के अध्यक्ष ईश्वर सिंह मलवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, संदीप प्रजापति, कृष्ण शास्त्री, जगफूल अंबेडकर, जितेंद्र दक्ष और साहिल उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सैनी की घोषणा को सराहा

**रोहतक।** पिछड़ा वर्ग ने मंगलवार को बैठक कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई घोषणाओं पर आभार प्रकट किया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुभाष सैनी ने बताया कि सीएम ने कुछ दिन पहले घोषणा की है कि क्रीमी लेयर की आय सीमा छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख कर दी जाएगी। जिसमें व्यक्ति की कृषि और वेतन की आय को शामिल नहीं किया जाएगा। इस घोषणा से पिछड़ा वर्ग को काफी फायदा होगा। मीटिंग में शान्ता कमार आर्य, धर्म सिंह दहिया, अवनीश, तुमार सैनी, नामसिंह आर्य, जगदीश, राजेश, देवीशंकर, सतवीर , सतीश प्रजापति, बीरेन्द्र स्वामी, जगदीश भट्टी, योगेश आदि मौजूद रहे।



### रविदास मंदिर में सत्संग हॉल का उद्घाटन किया

**रोहतक।** गांव पहरावर में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर में सत्संग हॉल का उद्घाटन समाजसेवी कर्मवीर मायना ने किया। मंदिर कमेटी द्वारा कर्मवीर मायना को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कर्मवीर मायना ने मंदिर के अधूरे कार्यों को पूरा करवाने के लिए 31 हजार रुपये दिए। इस अवसर पर अंबाला से आए हुए संत रविदास की वाणी का पाठ किया और सभी लोगों को प्रसाद बांटा। इस अवसर पर गांव के रिटायर्ड मुख्याध्यापक मास्टर सत्यनारायण, सूबेदार हवा सिंह, कीडूराम, सतीश, सतनारायण व कमेटी के प्रधान प्रवीण, पवन, सुरेश राणा, पंडित श्रीभगवान मौजूद रहे।

### लोगों की आवाज उठाने वाले जसबीर सम्मानित

**रोहतक।** शहर में बिजली पानी, सड़क और सफाई को लेकर आवाज उठाने वाले समाजसेवी जसबीर कुमार को कॉलोनी निवासियों ने सम्मानित किया। उनके घर पहुंचे आसपास की कॉलोनियों के लोगों ने कहा कि जसबीर कुमार हमेशा उनके वार्ड की समस्याओं को लेकर आंदोलन करते हैं। वह समस्याओं को अधिकारियों के संज्ञान में लाते हैं और फिर उसका समाधान भी करवाते हैं।

### एससी और ओबीसी विरोधी है बीजेपीः कुलदीप केडी

**रोहतक।** कांग्रेस नेता कुलदीप केडी का कहना है कि बीजेपी पूरी तरह एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसलिए जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा आई है। लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। इसी कड़ी में बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रिमी लेयर को 8 लाख से घटकर 6 लाख किया था।

## 18 आयु वर्ग के युवाओं के वोट बनवाने को कहा

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

एसडीएम की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। एसडीएम डा. निर्मल नागर में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम डा. निर्मल नागर की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण 2024 के तहत सभी बीएलओ व इलेक्शन कानूनगो के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एसडीएम ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने और संशोधन करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची से संबंधित शिकायत है तो वह इलेक्शन कानूनगो पूजा शर्मा अथवा उन्हें अवगत करवाएं, ताकि उसे ठीक कराया जा सके। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अपने आधीन क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को सत्यापित करें और विशेष तौर पर 1 जुलाई 2024 तक 18 वर्ष तक के आयु के युवाओं की वोट बनवाएं।

### पोलिंग बूथ बदलने की दी शिकायत

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को मतदाता सूची में त्रुटियों की शिकायत भी दी। शिकायत में बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूचि में काफी खामियां हैं। कई बुथों पर उस बूथ से संबंधित क्षेत्र की वोट न होकर दूसरे बुथों की वोट शामिल कर दी गई हैं। एक ही बुथ पर दूसरे वार्डों की वोट भी शिफ्ट कर दी गई हैं। काफी संख्या में मतदाताओं के पोलिंग बूथ उनके निवास स्थान से एक से तीन किलोमीटर दूर कर दिए गए हैं। जिससे मतदान के दौरान लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि अगर विधान सभा चुनाव से पहले मतदाता सूचि को ठीक नहीं किया गया तो मतदाताओं को फिर से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और मतदान प्रतिशत में भी बहुत कमी आएगी। एसडीएम ने उनकी शिकायत सुनने के बाद उनका समाधान करवाने का आश्वासन दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**खरखौदा।** सिलाना गांव से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गया है। सचिन ने बताया कि उसके ताऊ का 25 वर्षीय लड़का अंकित घर से 24 जून को गाड़ी लेकर गया था। जब शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। उन्हें पता चला है कि थाना मार्ग पर उसके भाई अंकित की गाड़ी लावारिस अवस्था में खड़ी पाई गई है।

### अभियान चलाकर 15 पौधे रोपित किए

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा कबीरपुर के पार्क में पोधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज गुप्ता ने पौधा लगाकर अभियान को शुरू किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, तापमान को सामान्य केवल पेड़ पौधे ही कर सकते हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार 15 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया कि सभी मिलकर इस मुहिम को एक आन्दोलन बनाए।



खरखौदा। शिकायत दरबार में समस्या बताते विभिन्न गांव के ग्रामीण।

## पोर्टल के माध्यम से हो रहा समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

एसडीएम कार्यालय में लगाए गए जन समाधान पोर्टल के तहत जो समस्याएं सुनी जा रही है, उनमें लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे लोगों को काफी लाभ हो रहा है। मंगलवार को जो शिकायतें आई उनमें प्रताप कॉलोनी से सफाई न होने की शिकायत सामने आई। मटिंडू मार्ग पर रहने वाले लोगों ने शिकायत दी है कि बिजली की तारें उनके छत से छूटकर निकली हुई है। जिससे करंट का खतरा बना रहता है और परिवार के सदस्य करंट की चपेट में आ सकते हैं। बिजली के तारों को ठीक किया जाए। एक विधवा ने शिकायत दी है कि वह फैमिली आईडी में अकेली है और उसका पीला कार्ड बना हुआ था। लेकिन ऑटोमेटिक तरीके से उसकी इनकम बढ़ा दी गई। जिसके कारण उसका पीला राशन कार्ड भी कट गया। जिससे अब उसे काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा किसानों को मुआवजा न मिलने सहित कई अन्य शिकायतें भी शिकायत दरबार में आई। जिनके जल्दी समाधान के लिए आश्वासन दिया गया है।

### लाइब्रेरी में चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने लाईब्रेरी में चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित निवाश निवासी सिक्का कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सेक्टर-14 निवासी चिराग ने गत 30 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह रह रोज की तरह एक दिन पहले रात को लाईब्रेरी का ताला बंद करके चला गया। उसने अगले दिन सुबह आकर देखा तो किसी व्यक्ति ने लाईब्रेरी का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया।

## महिला को झांसे में लेकर सोने की बालियां ठगी

- पीड़िता ने तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने का लगाया आरोप
- पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित शमशान घाट के पास महिला को झांसे में लेकर सम्मोहित कर सोने की बालियां ठग ली गई। महिला ने पुलिस को शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

बहालगढ़ स्थित इंद्रा कॉलोनी निवासी बीरमति ने पुलिस को बताया कि वह घर से बैंक में जा रही थी। जब वह बहालगढ़ के शमशान घाट के सामने पहुंची तो एक युवक उनके पास आ गया। उसने उनके सामने कुछ जला दिया। जिससे वह बेसुध हो गई। उन्हें सम्मोहित कर लिया था। उसके बाद दो और युवक आ गए। वह तीनों के पीछे-पीछे चल पड़ी। वह उन्हें पेट्रोल पंप के पास ले गए। उन्होंने उसके कानों की बालियां निकाल ली। उसके कुछ देर बाद जब होश आया तो मामले का पता लगा। उन्होंने परिजनों को घटना से अवगत कराया। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई जसमेर ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपितो की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बेटे के जन्मदिन पर पौधरोपण करके दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

- डा. मीनाक्षी ढींगड़ा ने बेटे अरहम के जन्मदिन पर दोनों बेटो के साथ मिलकर अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। डा. मीनाक्षी ढींगड़ा ने बेटे अरहम के जन्मदिन पर बेटे विवान के साथ पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से धरती पर पर्यावरण संकट बढ़ता जा रहा है। हरियाली के लिए जो प्रयास करना चाहिए था, उतना नहीं हुआ है। कुछ समझदार लोगों में पेड़ों के प्रति जागरूकता अवश्य बढ़ी है। यह बातें डा. मीनाक्षी ढींगड़ा ने मिनी सचिवालय परिसर में अपने छोटे बेटे अरहम के जन्मदिन पर पौधारोपण करने के बाद कहीं। इसके बाद डा. मीनाक्षी ने बेटे अरहम का जन्मदिन पौधारोपण को समर्पित करते हुए दोनों बेटे विवान व अरहम के साथ त्रिवेणी सहित अन्य पौधे लगाए और देखरेख की जिम्मेदारी ली। डा. मीनाक्षी ने कहा कि हम सभी को अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण के लिए आगे आना होगा तभी पर्यावरण को जल्दी बचाया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाए व उसकी संभाल करे। आज का स्वार्थी मानव पेड़ तो काटता गया, लेकिन पेड़ लगाना भूल गया। इससे पर्यावरण में असंतुलन की समस्या आज बहुत उग्र हो गई है। इसी कर्तव्य को याद करवाने व युवा पीढ़ी को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए जन्मदिन पर पौधारोपण की मुहिम चलाई है। डा. मीनाक्षी ढींगड़ा ने पर्यावरण संदेश में कहा कि विकास की दौड़ में कहीं न कहीं हम सभी प्रकृति की उपेक्षा कर रहे हैं, जिसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना पड़ रहा है। इसे संरक्षित करना होगा। भारतीय संस्कृति में पेड़, पौधे, नदी आदि पर्यावरण से संबंधित प्राकृतिक संसाधनों की पूजा की जाती है। इसके पीछे इन सभी का महत्व समझने का संदेश छिपा होता है। उन्होंने युवा वर्ग से अपील की कि सभी पौधारोपण के लिए आगे आएं और शहर को हरा- भरा बनाएं। इस मौके पर उनके साथ उनका स्टाफ मौजूद था।

## पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता से पीड़ित है भाजपाः नरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



विधायक इन्दुराज नरवाल।

बरोदा हलका से कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल का कहना है कि भाजपा एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। भाजपा जब से सत्ता में आई है तब से दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। इसी कड़ी में बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रीमीलेयर को 8 लाख से घटकर 6 लाख किया था।

विधायक इन्दुराज नरवाल ने कहा कि आज केंद्र की क्रीमीलेयर लिमिट भी 8 लाख रुपये है। लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 6 लाख कर दिया और इसमें कृषि व वेतन की आय भी जोड़ दी। इसके चलते पिछड़ा वर्ग के लाखों लोग आरक्षण के अधिकार से वंचित हो गए। अब पिछड़ा वर्ग के सामने बीजेपी की सच्चाई उजागर हो गई तो बीजेपी की तरफ से ये लिमिट को बढ़ाकर वापस 8 लाख करने की बात कही जा रही है लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई सरकारी दस्तावेज सामने नहीं आया है। इसके बारे में सीएमओ की तरफ से की गई सोशल मीडिया पोस्ट को भी डिलीट कर दिया गया है।

## कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है : नेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। भाजपा नेता आजद सिंह नेहरा ग्रामीणों को अभियान के दौरान संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने गन्नौर विधानसभा के गांव चटिया औलिया मे ग्रामीणों से जनसम्पर्क कर ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। नेहरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है। अपने नीजी स्वार्थ के चलते दमनकारी नीति के तहत लोगों पर अत्याचार करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासन के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एमरजेंसी के दौरान बेकसूर लोगों को जेल मे डाल कर घिनौना काम किया था जिसको जिसको देश की जनता आज भी भुला नहीं पाई हे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने गन्नौर विधानसभा के गांव चटिया औलिया मे ग्रामीणों से जनसम्पर्क कर ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर उनके साथ ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, जोगेन्द्र खत्री, आनन्द राठी, सुनील राठी, जगदीश खत्री, बिजेंद्र सौदा, रेनू खत्री, बिजेंद्र, आजाद खत्री, देवेन्द्र खत्री, जयपाल सिंह, सतीश दिलावर, योगेश कुमार आदि मौजूद थे।



गोहाना। शिविर का शुभारंभ करते हुए जीता हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

## निःशुल्क शिविर में 512 लोगों के नेत्रों की जांच की

- पूर्व विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा की याद में गांव गुमाणा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा हलके के लगातार तीन बार विधायक रहे स्व. श्रीकृष्ण हुड्डा की स्मृति में मंगलवार को हलका क्षेत्र के गांव गुमाणा में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित गया। शिविर में 512 लोगों के नेत्रों की जांच की गई जिनमें 18 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली। इन लोगों के नेत्रों का निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा। निःशुल्क शिविर का संयोजन दिवंगत विधायक के बेटे जीतेंद्र उर्फ जीता हुड्डा तथा सुरजीत उर्फ मोनू हुड्डा ने किया। शिविर में गुरुग्राम के इंदिरा गांधी नेत्र अस्पताल की टीम नेत्र रोगों की जांच करने पहुंची। यह शिविर गांव गुमाणा की पथराना चौपाल में प्रातः 8 बजे से दोपहरबाद 1 बजे तम आयोजित किया गया। शिविर में जांच के बाद नेत्र रोगियों को दवाइयां और चश्मे मुफ्त में उपलब्ध करवाए गए। जांच में जिन 18 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको निःशुल्क ऑपरेशन के लिए गुरुग्राम के इंदिरा गांधी नेत्र अस्पताल में ले जाया गया।

## वजीरपुरा गांव में पूर्व प्रधानमंत्री की 93वीं जयंती मनाई

# वीपी सिंह ने गरीबों में दान कर दी थी अपनी जमीन

श्रद्धांजलि समारोह में ग्रामीणों ने वीपी सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। वीपी सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को गांव वजीरपुर में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की 93वीं जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ग्रामीणों ने वीपी सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता गांव के सरपंच प्रतिनिधि चांदराम बैरागी ने की। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा राजा बहादुर रामगोपाल के पुत्र वीपी सिंह का जन्म 25 जून 1931 को इलाहाबाद में हुआ। वीपी सिंह बेहद ईमानदार नेता थे। दलित, पिछड़ों और वंचित समुदायों के प्रति उनके हृदय में करुणा भरी थी। इसीलिए उन्होंने भूदान यज्ञ में 30000 बीघा अपनी पुश्तैनी जमीन गरीबों को दान कर दी थी। उन्होंने 1969 में राजनीति मे कदम रखा। वे बस से चुनाव प्रचार करने जाते थे। वीपी सिंह ने उत्तर प्रदेश के सीएम और देश के 8वें प्रधानमंत्री के पद तक का सफर तय किया। 1990 में उन्होंने पिछड़े वर्गों के लिए 27 परसेंट आरक्षण लागू कर मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू कर एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला लिया। समारोह में सत्यवीर पौड़िया, राजपाल कश्यप, राम दिया प्रजापति, ईश्वर प्रजापति, अशोक सरोहा, राव रामकुमार, राव दयानंद, राव सतीश, रामेहर बैरागी, राव विनोद, सुभाष चाहर, सोनू और संजीव स्वामी ने वीपी सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

### थाने के प्रांगण में पंछियों के लिए रखा पानी

गोहाना। युवा शक्ति संगठन द्वारा मंगलवार को महिला थाना गोहाना के परिसर में जगह-जगह पंछियों के लिए मिट्टी के कसोरों में पानी रखा। संगठन द्वारा यह पुनीत कार्य महिला थाना एसएचओ सरोज बाला के हाथों से करवाया। संयोजन संगठन के अध्यक्ष प्रमोद भारती का रहा। युवा शक्ति संगठन द्वारा हर वर्ष ग्रीष्मकालीन मौसम में शहर में जगह-जगह पर पंछियों के लिए पानी का प्रबंध किया जाता है। संगठन द्वारा इस बार भी शहर में मकानों की छतों के अलावा अन्य स्थानों पर पंछियों के लिए पानी का प्रबंध किया। महिला थाना एसएचओ सरोज बाजा ने संगठन के इस कार्य की सराहना की।

**सरपंच ग्राम पंचायत राणा खेड़ी**
**खण्ड मुण्डलाना तह. गोहाना, जिला सोनीपत**
**मो. 9991426927**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राणा खेड़ी की पंचायती भूमि व स्कूल में खड़े 84 सफेदे व 1 विविध वृक्षों की बोली दिनांक 08.07.2024 को प्रातः 10 बजे BC चौपाल में की जाएगी। जमानत राशि रु. 50000/- होगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत राणा खेड़ी से सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/- सरपंच
ग्राम पंचायत राणा खेड़ी
खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने जनलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंजीत निवासी भठगांव का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुसिल मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बुब कालुवाहर होशियारपुर निवासी दीदार सिंह ने 8 अक्टूबर को शिकायत देकर बताया कि वह टोल प्लॉजा पर मैनेजर के तौर पर कार्यरत है। उसी दौरान स्वीफ्ट कार में तीन शख्स पहुंचे। उन्होंने टोल देने से मना कर दिया। कर्मचारियों के साथ बहस बाजी करने लगे। उसके बाद जान से मारने की नीयत से उन पर हमला कर दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिहासत में जेल भेज दिया।

### फांसी का फंदा लगाकर लड़की ने दी जान

**खरखौदा।** शहर के वार्ड 15 निवासी एक लड़की ने फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। खरखौदा के वार्ड 15 की रहने वाली यशिका ने मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। घर वाले ने उसे नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवाया। जिसके बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। जिसका शाम को अंतिम संस्कार किया गया।

### वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिट्टू निवासी ऋषि कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। देवड़ू रोड नजदीक ऋषि वर्ल्ड एकेडमी निवासी गोविंद ने 22 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपनी बाइक पर सवार होकर गांव रेवली गया हुआ था। देवड़ू के पास बाइक सड़क किनारे खड़ी करके भाभी के साथ घर पर चले गए। रात को वापिस आकर देखा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी अरूण कुमार की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## 96 शिकायत लेकर लघु सचिवालय पहुंचे नागरिक

# शिविर में आईं 115 शिकायतें 29 का हुआ समाधान, 86 लंबित

- 1026 शिकायतों में से 300 का मौके पर ही समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। समाधान शिविर में अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें रखते हुए लोग।

जिले में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में मंगलवार को भी शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को जिले में कुल 115 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें से केवल 29 शिकायतों का ही मौके पर समाधान हो पाया। वहीं 86 शिकायतें ऐसी रही, जिनका कोई समाधान नहीं हो पाया। वहीं अब तक के लेखा-जोखा की बात करें तो जिले में 10 जून से जारी समाधान शिविर में अब तक कुल 1026 शिकायतें आई हैं। इनमें से 300 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सका है। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर लघु सचिवालय में आयोजित शिविर में काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में आयोजित इस समाधान शिविर में कुल 96 शिकायतें दर्ज हुई, जिनके त्वरित समाधान को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त जिला प्रशासन के अधिकारियों संग परिवार पहचान पत्र के अलावा प्रॉपर्टी आईडी, राशन कार्ड, बिजली, पेयजल, पुलिस से संबंधित तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई की। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया गया। इस मौके पर डीसीपी नरेन्द्र सिंह, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त रेणुका, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### अब तक 1026 शिकायतें मिल चुकी

जिले में 10 जून से लेकर अब तक 11 समाधान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में कुल 1026 शिकायतें सामने आई हैं। जिनमें से केवल 300 शिकायतों का ही मौके पर समाधान संभव हो पाया है। वहीं 726 शिकायतें अभी तक लंबित की श्रेणी में है। इन 11 दिनों 21 जून को सबसे अधिक 130 शिकायतें आई थी, जिसमें से 55 का मौके पर समाधान किया गया था, वहीं 75 लंबित रखी गई थी।

### सबसे अधिक आई विकास से संबंधित शिकायतें

मंगलवार को समाधान शिविर में कुल 115 शिकायतें आई। जिनमें से 29 का ही मौके पर समाधान किया गया, वहीं 86 लंबित रखी गई है। इन 115 शिकायतों में से सबसे अधिक 23 शिकायतें विकास से संबंधित आई थी। जिनमें से 11 का समाधान हुआ, 12 लंबित रखी गई है। वहीं समाज कल्याण विभाग की एक भी शिकायत नहीं मिली। इसके अलावा अपराध से संबंधित 15 शिकायतें आई, जिसमें से किसी का समाधान नहीं हुआ, सभी लंबित रखी गई हैं।



सोनीपत। विद्यालय में निरीक्षण के लिये पहुंचें अधिकारी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को दी जा रही मूर्तिकला की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से प्रदेश के स्कूलों में टाबर उत्सव के तहत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें मूर्ति कला की जानकारी देकर अपनी संस्कृति से जोड़ने की दिशा में प्रयास किया गया है। यह कहना है हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग के मूर्ति कला अधिकारी हृदय कौशल का। वह गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में टाबर उत्सव का निरीक्षण करने पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल खट्टर व शिविर की संयोजक डा. सुनीता ढूल ने पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया। हृदय कौशल ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के 22 स्कूलों में टाबर उत्सव मनाया जा रहा है। राज्य में लुप्त हो रही मूर्तिकला के विकास के उद्देश्य के साथ-साथ राज्य में होनहार कलाकारों को सुमार्ग देने हेतु सरकारी स्कूल स्तर के विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में तकनीकी दृष्टिकोण प्रयोगात्मक अभ्यास के साथ मूर्तिशिल्प व क्राफ्ट की सौंदर्यात्मक एवं विभिन्न उद्योगों में तकनीकी प्रशिक्षण भी मिलेगा। जिससे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं का रचनात्मक/कलात्मक विकास होगा। विद्यार्थियों को 30 दिन तक यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

कलाकार सीता, सह कलाकार गायत्री, सुमन, मंजू, नीतू, आरती ठाकुर अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जानवी ने सोनीपत कुमारी का खिताब किया अपने नाम

- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्ट्स अकादमी की महिला खिलाड़ी ने पहलवानों को दी पटखनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



मदीना गांव में गोहाना-महम मार्ग स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्ट्स अकादमी की महिला पहलवान जानवी मोर पुत्री बलजीत मोर ने इंटर अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में सोनीपत कुमारी का खिताब हासिल किया है। जानवी मोर गांव बरोदा गढ़ी की निवासी हैं। 26 जून को सोनीपत स्थित प्रताप स्कूल में इंटर अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जानवी ने 62 किलोग्राम भारवर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में गांव राठधाना की हिमांशी को 11-8 अंक और सेमीफाइनल मुकाबले में रायपुर की रीना को 10-0 अंक के अंतर से पराजित करके सोनीपत कुमारी का खिताब जीता। विजेता पहलवान को डॉ. विक्रम, रमेश मलिक, कोच सोमबीर व प्राचार्या पूनम ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 24 जुलाई को देंगे ज्ञापन, आर-पार का करेंगे आंदोलन : एसकेएस

- सर्व कर्मचारी संघ ने की विस्तारित बैठक, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक में उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने गोहाना रोड पर स्थित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के कार्यालय में जिला प्रधान देशराज नैन की अध्यक्षता में विस्तारित बैठक की गई। जिसमें पब्लिक हेल्थ, आई टी आई, हुड्डा, नगर निगम, स्वास्थ्य , अग्निशमन, बिजली, अध्यापक संघ, पब्लिक हेल्थ क्लेरिकल आदि विभागों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। मीटिंग में राज्य की तरफ से राज्य के उप महासचिव संदीप सांगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। मीटिंग का संचालन जिला सचिव सुनिल दत्त ने किया।

विस्तारित मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य के उप महासचिव संदीप सांगवान, राज्य सह सचिव जगमेन्दर सिंह, वरिष्ठ नेता शिलकराम मलिक, राज्य सचिव बिजेंद्र चहल ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 16 मार्च 2023 को 15 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को लिखा व उपायुक्तों के माध्यम से व विधायको व सांसदो के माध्यम से व मंत्रियों के माध्यम से अनेक बार ज्ञापन सौंपे गए। इसके बाद जींद व रोहतक में दो बार रैली की गई लेकिन हरियाणा सरकार ने कर्मचारी वर्ग की मांगों का समाधान करना तो दूर की बात संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत तक नहीं की गई। इसलिए कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने,नई पैशन नीति रद्द करके पूरानी पेंशन नीति बहाल करने, एक्सग्रेशिया पोलिसी में लगी शर्तें हटाने, वेतन विसंगति दूर करने, क्लेरिकल के कर्मचारियों को 35400 का वेतनमान देने, कैशलैस मैडिकल सुविधा इमानदारी से लागू करने, अगला वेतन आयोग गठित करने,पैनशनरस को 65,70,75,80 वर्ष की आयु शूरू होने पर पांच-पाच प्रतिशत वृद्धि देने,कम्युटेशन राशि वापिस लेने की अवधि दस वर्ष करने, समयबद्ध पदोन्नति करने, तमाम विभागों में खाली पड़े लाखों पदों पर पक्की भर्ती करने आदि मांगों को लेकर फैसला लिया है कि यदि समय रहते कर्मचारी संगठनों से बात करके कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो सभी विभागों में, सभी ब्लाकों में मीटिंग करके हर कर्मचारी से बात करके 24 जुलाई को उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा व आने वाले समय में पूरी तैयारी करके आर पार का आन्दोलन किया जाएगा। मीटिंग को राजीव खत्री, आनंद हुड्डा, सुरेश यादव, जोगेंद्र सिंह, राजा भैया, भारत, देवेन्द्र दहिया, मुकेश शर्मा, राकेश त्यागी, जसवीर दलाल, नगर निगम की नेता कमलेश, कान्ता, ओम प्रकाश मलिक, मुकेश नेहरा, महेन्द्र भनवाला, उम्मेद सिंह आदि नेताओं ने सम्बोधित किया।

## अस्थल धाम के महंत के डेढ़ लाख रुपये चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पुलिस में शिकायत, मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की
- बाबा को पूर्णमासी के भंडारे में दान स्वरूप मिली थी नकदी

मुरथल थाना क्षेत्र स्थित अस्थल धाम के महंत के चोर डेढ़ लाख रुपये चोरी कर ले गए। बाबा का मोबाइल खेत में पड़ा मिला है। बाबा को नकदी पूर्णमासी के भंडारे में दान स्वरूप मिली थी। पुलिस ने बाबा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुरथल स्थित अस्थल धाम के महंत बाबा सन्नी गिरी ने पुलिस को बताया कि वह 5 माह से अस्थल धाम में रहते है। यहां उन्होंने ग्रामीणों की मदद से 22 जून को भंडारा किया था। भंडारा समाप्त होने के बाद शाम को सभी श्रद्धालु अपने घर चले गए थे। धाम पर केवल तीन लोग सो रहे थे। बाबा सन्नी गिरी का आरोप है कि वह भी अपने कमरे में सोने चले गए।

जब वह सुबह उठे तो उनका बैग गायब था। उनके बैग में डेढ़ लाख रुपये थे। जब उन्होंने जांच की तो मंदिर के पीछे गन्ने के खेत में उनका मोबाइल व कागजात मिल गए, रुपये नहीं मिले। पुलिस ने बाबा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस रात को धाम पर रुके लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। ताकि चोरी हुई नकदी का कोई सुराग हाथ लग सके।

## दिव्यांगों की सहायता करना ही सबसे बड़ा पुण्य : नगराधीश

**सोनीपत।** नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि जो लोग जन्म से दिव्यांग पैदा हो जाते या किसी हादसे के कारण दिव्यांग हो जाते है। ऐसे में उन दिव्यांगों की कोई गलती नहीं होती, इसलिए हमें ऐसे लोगों के प्रति हीन भावना नहीं बल्कि आगे बढकर उनकी सहायता के लिए उनका हाथ संभालना चाहिए। नगराधीश पूजा कुमारी मंगलवार को जिला रैडक्रॉस सोसायटी व एल्मिको के संयुक्त सहयोग से आयोजित दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि लोगों को संबोधित कर रही थी। इस दौरान नगराधीश ने 45 दिव्यांगों को व्हील चेयर व ट्राई साईकिल वितरित की। इस मौके पर जिला रैडक्रॉस सोसायटी कार्यालय से डीटीओ संजय कुमार, टीआई सोमबीर, डॉ. विक्रम, अंकित राजकुमार तथा प्रवीण लांबा आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क शिविर में 512 लोगों के नेत्रों की जांच

### पूर्व विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा की याद में गांव गुमाणा में लगाया शिविर

- 18 लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। शिविर का शुभारंभ करते हुए जीता हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

बरोदा हलके के लगातार तीन बार विधायक रहे स्व. श्रीकृष्ण हुड्डा की स्मृति में मंगलवार को हलका क्षेत्र के गांव गुमाणा में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित गया। शिविर में 512 लोगों के नेत्रों की जांच की गई जिनमें 18 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली। इन लोगों के नेत्रों का निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा।

निःशुल्क शिविर का संयोजन दिवंगत विधायक के बेटे जीतेंद्र उर्फ जीता हुड्डा तथा सुरजीत उर्फ मोनू हुड्डा ने किया। शिविर में गुरुग्राम के इंदिरा गांधी नेत्र अस्पताल की टीम नेत्र रोगों की जांच करने पहुंची। यह शिविर गांव गुमाणा की पथराना चौपाल में प्रातः 8 बजे से दोपहरबाद 1 बजे तम आयोजित किया गया। शिविर में जांच के बाद नेत्र रोगियों को दवाइयां और चश्मे मुफ्त में उपलब्ध करवाए गए। जांच में जिन 18 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको निःशुल्क ऑपरेशन के लिए गुरुग्राम के इंदिरा गांधी नेत्र अस्पताल में ले जाया गया।

## विद्यार्थियों को उद्योग परख शिक्षा महता की दी जानकारी

# आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में किया गया 60 का चयन

- दिल्ली इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक वीरेन धमीजा ने मेले का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


खरखौदा। रोजगार मेले में बच्चों को संबोधित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आईटीआई खरखौदा परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि मेले का शुभारंभ करते हुए दिल्ली इलैक्ट्रिक ऑटो प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक वीरेन धमीजा ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार मेले जीवन का आधार बन रहे हैं, क्योंकि कंपनियां उनके पास आकर रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। युवाओं को करियर बनाने के लिए इन मेलों का बढ़चढ़ कर लाभ उठाना चाहिए। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर कुल 60 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इस रोजगार मेले से विभिन्न आईटीआई तथा कॉलेजों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी मनोज कुमार ग्रोवर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उद्योग परख शिक्षा की महता के बारे में जागरूक किया। रोजगार मेले में खरखौदा आईटीआई के प्रिंसिपल संदीप कुमार अहलावत ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए मेले में आए विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का मेले में सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर वर्ग अनुदेशक बिजेन्द्र व शमशेर, अधीक्षक राजेन्द्र सिंह, इंस्ट्रक्टर सहदेव सहित आईटीआई खरखौदा की प्लेसमेंट टीम मौजूद रहे।

## गन्ने का ब्यौरा पोर्टल पर करे पंजीकरण : डा. संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- मिल द्वारा सीजन 2024-25 के लिए चौ. चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा सिफारिश की गई, गन्ना किस्मों को किया जाएगा स्वीकृत
- किसानों से पोर्टल पर भागीदारी बढ़ाने की अपील की

दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल के प्रबंधक निदेशक संजय कुमार ने बताया कि मिल के फील्ड स्टाफ द्वारा सीजन 2024-25 के लिए गन्ने की फसल का सर्वे किया जा चुका है। हरियाणा सरकार के आदेशानुसार चौण. चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा सिफारिश की गई है कि सीओ-89003, सीओ-0238, सीओ-0118, सीओएच-160, सीओ-15023, सीओएच-56, सीओ-5011, सीओएच-119 तथा सीओएच-110 किस्मों का गन्ना ही लिया जाएगा। इसके अलावा अन्य किस्मों गन्ने का ना ही सर्वे होगा और न ही बॉड किया जाएगा। प्रबंधक निदेशक ने बताया कि अगर किसी किसान द्वारा हिसार विश्वविद्यालय द्वारा सिफारिश की गई किस्मों का गन्ना सीजन के दौरान मिल में लाया जाता है तो उसका गन्ना केवल रिकवरी के आधार पर ही लिया जाएगा और उस किसान का स्थाई तौर पर बोण्ड भी बंद कर दिया जाएगा, जिसके लिए किसान स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि सभी गन्ना किसान तुरंत पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाकर उसकी प्रति मिल कार्यालय में भिजवाएं।